卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 236 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦2 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया


# Columbus Public School

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

Estd. 1997

**Columbus Family congratulates its CBSE SSE/SSCE 2026 students for their marvellous performance.**

## SSE 2026 (Class X)




### Other Top Performers

Vaibhav Tiwari 89.4% | Deepti Kapoor 89.4% | Amrit Singh 88.6% | Priyanshu Bisht 88.6% Tanmay Bisht 88.4% | Vidit Singh Rana 88% | Gopal Gangwar 87.4% Abhinav Rawat 87% | Naman Sachdeva 86.6% | Bhavesh Bisht 86.2% | Satvant Singh 85.8% | Vedika Chaudhary 85% Mohammad Ayaan 84.4% | Neha Khatri 84% Diksha Mishra 83.8% | Anushka Sharma 82.2% | Farman Ali Ansari 82.2% | Mudit Semwal 81.8% | Pushkar Singh 80.2%

### Subjectwise Top Scorers

English (100) : Rajnandani Chauhan, Vrinda Khera | I.T. (100) : Divyanshu Mehra, Vainavi Negi, Vrinda Khera Hindi (98) : Rajnandani Chauhan | Social Sc. (99) : Tapashya Sirohi | Science (99) : Divyanshu Mehra | Maths (97) : Divyanshu Mehra

- Class Aggregate: 80%
- 21/78 students secured more than 90%
- More than 50% students secured above 80%
- High Subject Aggregates: English: 86.04%, Hindi 82.30%, I.T. 86.57%

Aggregate percentage calculated as per Annexure II - 'Scheme of Studies at Secondary Level (Classes IX-X)' of Circular No. Skill-01/2023 of CBSE/Dir/SE/2023

## SSCE 2026 (Class XII)




### Other Top Performers

Sajal Kumar Gheek 89.6% | Manas Singh 89.2% | Pragati Upadhyaya 89% | Utkarshha Pratap Singh 88.4% | Alvira Mirza 86.6% | Bhumika Joshi 86.4% | Khagendra Pratap Singh 86.2% | Paarth Yash 86.2% | Rohit Kapoor 85.8% | Vanshika Joshi 85% | Priya Kumari 84.2% | Chetna Kharkwal 82.8% | Utkarsh Gupta 82% | Damya Gupta 81.6% Prabhpuneet Singh Dhillon 81% | Ayushmaan Kesarwani 80.8% | Tanuja Goswami 80.6% | Aman Sharma 80.2%

### Subjectwise Top Scorers

Actts. (94) : Alisha Parveen | Maths (96) : Anas Ahmad | B.std. (95) : Rohit Kapoor | Pol. Sc. (95) : Srishti Pal | Hindi (96) : Utkarsh Gupta, Srishti Pal Comp. (99) : Utkarshha Pratap Singh | P.Ed. (96) : Pragati Upadhyaya | Hist. (96) : Utkarsh Gupta | Eco. (98) : Jagjeevan Singh Gill | Phy. (86) : Anas Ahmad Chem. (92) : Manas Singh | English (96) : Utkarshha Pratap Singh, Prabhpuneet Singh Dhillon | Bio. (93) : Alvira Mirza | Psych. (98) : Shweta Singh

- High Subject Aggregates: Comp. 90.1%, P.Ed. 84.9%, Hindi 82.5%, English: 81.9%, Psych. 80%

## Admissions Open For Class 11 (Arts, Science & Commerce)

(Merit based Fee Waiver for Students with more than 90% marks)

Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand) | 99279 27999 | 9927963999 | www.cps.edu.in

# तहसील दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 68 शिकायतें दर्ज



किच्छा (संवाददाता)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में समाचार लिखे जाने तक विभिन्न विभागों से संबंधित 68 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। प्रात: 11 बजे से शुरू हुए तहसील दिवस में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर निकाय, विकास सहित विभिन्न विभागों के 61 अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने भूमि विवाद, सड़क निर्माण, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से तहसील दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने दिया जाएगा। तहसील दिवस में विधायक तिलक राज बेहड़, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, गिरीश चंद्र त्रिपाठी, के. के. अग्रवाल, दीपक शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। समाचार लिखे जाने तक तहसील दिवस की कार्यवाही जारी थी।

# नेताजी के करीबी निष्कासित भाजपा नेता पर फिर वसूली का आरोप

## डंपर संचालन के नाम पर हर माह 35 हजार मांगने का आरोप

रुद्रपुर। डंपरों से कथित अवैध वसूली को लेकर पहले से विवादों में घिरे एक निष्कासित भाजपा नेता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पूर्व में सामने आए मामले की जांच अभी चल ही रही है कि अब एक और डंपर स्वामी ने उसी नेता पर हर माह रुपये वसूलने और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है, जिस पर जांच शुरू कर दी गई है। ग्राम सरोवर नगर, गदरपुर निवासी वरीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने परिवार के भरण-पोषण के लिए किस्तों पर एक पुराना डंपर खरीदा था। वह रेत-बजरी ढुलाई का कार्य कर अपने परिवार का गुजारा करता है। आरोप है कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात इंदिरा कॉलोनी निवासी एक युवक से हुई, जो स्वयं को भाजपा अनुसूचित मोर्चा का पदाधिकारी बताता था। पीड़ित का आरोप है कि युवक ने उसे भरोसा दिलाया कि यदि वह प्रतिमाह 35 हजार रुपये देगा तो बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, गूलरभोज और किच्छा क्षेत्र में उसके वाहन को किसी प्रकार की प्रशासनिक या पुलिस कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इतना ही नहीं, उसने यह भी दावा किया कि वाहन का नंबर पुलिस के पास रहेगा और चालान होने की स्थिति में भी वह वाहन को छुड़वा देगा। आरोप है कि युवक की बातों में आकर वह लंबे समय तक ऑनलाइन माध्यम से पैसे भेजता रहा। इतना ही नहीं, अपने भाई के वाहन से संबंधित भुगतान भी उसके माध्यम से करता रहा। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने यह तक कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो वाहनों को सीज करा दिया जाएगा। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब 13 अप्रैल को दिनेशपुर पुलिस ने उसके डंपर का 49 हजार रुपये का चालान कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने इस संबंध में युवक से बातचीत की तो उसने और अधिक धनराशि की मांग शुरू कर दी। विरोध करने पर फिर से प्रतिमाह 35 हजार रुपये देने का दबाव बनाया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी डंपर संचालकों से कथित अवैध वसूली के आरोपों के चलते संबंधित भाजपा पदाधिकारी को पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। अब दूसरा मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में एक बार फिर कथित वसूली नेटवर्क को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सीओ विभव सैनी ने बताया कि मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में तथ्य सामने आने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मकरंदपुर के महेंद्र पाल सिंह को मिला सर्वश्रेष्ठ कृषक सम्मान

गदरपुर (संवाददाता)। गदरपुर क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर निवासी प्रगतिशील किसान महेंद्र पाल सिंह को कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय किसान श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ कृषक के रूप में प्रशस्ति पत्र तथा 10 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से किसान हैं और ठेके पर भूमि लेकर आधुनिक कृषि कार्य कर रहे हैं। वह परंपरागत खेती के साथ सब्जी उत्पादन तथा जैविक खेती को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कृषि के साथ पशुपालन को जोड़कर अपनी आय के विभिन्न स्रोत विकसित किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वह मुर्गी पालन, बत्तख पालन और बकरी पालन का कार्य कर रहे हैं। देसी मुर्गियों की चार अलग अलग नस्लों का प्रजनन कर चूजों का उत्पादन करते हैं तथा उनकी बिक्री भी करते हैं। इसके साथ ही वह पोल्ट्री हैचरी का संचालन कर रहे हैं। देसी अंडों की बढ़ती मांग को देखते हुए अंडों और देसी मुर्गियों की आपूर्ति भी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अन्य किसानों के साथ साझेदारी में गोपालन और बकरी पालन का कार्य भी कर रहे हैं। महेंद्र पाल सिंह ने इस सम्मान के लिए उत्तराखंड सरकार, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान किसानों का मनोबल बढ़ाने के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कई किसान उनका पूरा लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उनका कहना था कि कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में उपलब्ध योजनाओं का सही उपयोग कर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं और किसान इन अवसरों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। क्षेत्र के किसानों ने महेंद्र पाल सिंह को मिले इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे गदरपुर और मकरंदपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया है। किसानों का कहना है कि महेंद्र पाल सिंह की सफलता अन्य कृषकों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।



# विकास योजनाओं और कुंभ तैयारियों के लिए 191 करोड़ की मंजूरी

## बाढ़ सुरक्षा, सड़क, पार्किंग, आवास और विद्युत परियोजनाओं को मिली वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के साथ राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए करीब 191 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत योजनाओं में बाढ़ सुरक्षा कार्य, सड़क निर्माण, सरकारी आवास, पार्किंग, विद्युत परियोजनाएं तथा सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने देहरादून जनपद के रायपुर विधानसभा क्षेत्र में सांग नदी के चौनलाइजेशन कार्य के लिए 3.62 करोड़ रुपये तथा विकासनगर कॉलोनी में नलकूप निर्माण के लिए 63.62 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा हरिद्वार में पुराना दिल्ली नीतिपास राज्य मार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के अधीन अन्य आंतरिक मार्गों के निर्माण के लिए 21.64 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। टिहरी गढ़वाल के नरेंद्रनगर स्थित बाह्य न्यायालय परिसर में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी गई है। वहीं हरिद्वार स्थित राजकीय विशेष गृह परिसर में सुरक्षा कर्मियों के भवन निर्माण के लिए 5.55 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पर्यटन विभाग के अंतर्गत नैनीताल जनपद के रामगढ़ विकासखंड स्थित मोहन बाजार मुक्तेश्वर में कार पार्किंग निर्माण के लिए 9.89 करोड़ रुपये तथा बागेश्वर जनपद के कांडा क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए 5.41 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सितारगंज स्थित संपूर्णानंद शिविर में पुरानी गौशाला के टिन शेड निर्माण के लिए 32.74 लाख रुपये तथा निर्माणाधीन पर्वतीय विकास भवन के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए 80 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती देने के लिए उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों हेतु 70 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त निगम की निर्माणाधीन योजनाओं के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 25 करोड़ रुपये अंशपूंजी के रूप में तथा भवनों के ऊपर से गुजर रही विभिन्न वोल्टेज की विद्युत लाइनों को स्थानांतरित करने के लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश स्थित आस्था पथ परियोजना के सौंदर्यीकरण के लिए 35.78 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत हरिद्वार में प्रेमनगर आश्रम गंगा घाट के सौंदर्यीकरण के लिए 1.50 करोड़ रुपये तथा वीरभद्र बैराज ऋषिकेश से चंडी घाट हरिद्वार तक सड़क की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण के लिए 4.68 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए पिथौरागढ़ जनपद के कनालीछीना विकासखंड स्थित सुरूण ग्राम पंचायत में कालसीन देवता मंदिर में धर्मशाला निर्माण, मार्ग चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों हेतु 27 लाख रुपये तथा टिहरी जनपद के जौनपुर विकासखंड के विरोड़ गांव में स्थित नाग देवता के प्राचीन मंदिर के नवनिर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 49.86 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री की ओर से दी गई इन स्वीकृतियों से राज्य में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, ऊर्जा ढांचे को सुदृढ़ करने तथा कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को गति मिलने की उम्मीद है।



# पूर्व सैनिकों के लिए नई शस्त्र लाइसेंस नीति, मंथन कर रही है धामी सरकार

## जमीनी विवादों में मिलेगी कानूनी सहायता, अग्निवीर सैनिकों के रिटायरमेंट प्लान पर भी विमर्श

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार ,पूर्व सैनिकों के नई शस्त्र लाइसेंस नीति लाए जाने पर विचार कर रही है,इसके लिए गृह विभाग में विचार विमर्श चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पूर्व सैनिकों के बढ़ते जमीनी विवादों को सुलझाने उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने पर भी धामी सरकार में विमर्श का दौर चल रहा है।पूर्व सैनिकों में रिटायरमेंट के बाद ये इच्छा भावना रहती है कि उनके पास आत्म रक्षा के लिए शस्त्र हो, सैनिक की सेवा अवधि में उनके काँध में लटकी बंदूक से उनका एक अलग तरह से रिश्ता रहता जो उन्हें देश की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार रहने को प्रेरित करता है। साथ ही उन्हें उनकी बंदूक से लंबे समय तक प्राइवेट सेक्टर में नौकरी के लिए अवसर प्रदान करता है। पूर्व सैनिकों की ये मांग रही है कि उन्हें शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता से दिए जाए। उनकी इस मांग पर धामी सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। धामी सरकार ने अग्निवीर योजना रिटायर हो कर आ रहे सैनिकों के नौकरियों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण ,पुलिस, जेल प्रहरी, वन सुरक्षा में दिए जाने की घोषणा की हुई है, सरकार ने इन सभी विभागों को कह दिया है कि वे आने वाले दिसंबर माह से पूर्व, नौकरियां के लिए वेकेंसी निकालें। सरकार का ये भी मानना ह कि आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों को सेना द्वारा प्रशिक्षित और अनुशासित युवा मिलने से उनका एक बड़ा खर्चा कम हो जाएगा। धामी सरकार ने प्राइवेट सेक्टर में भी ये संदेश दिया है कि वे राष्ट्रहित में अग्निवीर पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करे। इसके साथ साथ इनके लिए स्व रोजगार के लिए भी सरकार योजना बना रही है। सूत्रों के मुताबिक पूर्वसैनिकों की तरह पूर्व अर्ध सैनिको के कल्याण संबंधी योजनाओं को लिए भी विमर्श अंतिम चरण में है। जानकारी के मुताबिक धामी सरकार ये भी चाहती है कि रिटायर होकर आने वाले सैनिकों और उनके बच्चों के को राष्ट्र निर्माण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोड़ा जाए,ताकि उनका बेहतर भविष्य सुनिश्च हो सके। उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल ( रि.)अजय कोठियाल का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पूर्व सैनिक कल्याण विषय पर कई दौर का विमर्श हुआ है, शासन स्तर पर भी श्री धामी के निर्देश पर बहुत से विषयों पर संवाद हुआ है।उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस पर निर्णय लेने जा रही है। कर्नल कोठियाल कहते है कि समान नागरिक पेंशन योजना से लाखों पूर्व सैनिकों को फायदा हुआ है, पीएम मोदी ने राष्ट्र को एक मजबूत सुरक्षा कवच तो दिया ही है साथ ही पूर्व सैनिकों के लिए भी बहुत सी ऐसी योजनाएं दी है जिसकी माँग हम सर्विस में रहते हुए कई सालों से कर रहे थे। सीएम धामी ने कहा कि मै स्वयं एक सैनिक पुत्र हूं,देवभूमि उत्तराखंड वीरों की भूमि है, हमारे वीरों ने राष्ट्र सुरक्षा को सर्वोपरि माना है, सेवा अवधि के बाद सैनिकों के कल्याण के लिए पीएम मोदी ने विशेष तौर पर हमे दिशा निर्देश दिए हुए है, हमारी सरकार पूर्व सैनिकों,पूर्व अर्ध सैनिको के लिए, एक सेवक के रूप में काम कर रही है। हमारी सरकार इनके बेहतर भविष्य के लिए नए प्रस्तावों पर विचार कर रही है। देवभूमि उत्तराखंड में भव्य सैन्यधाम की स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है। पूर्व सैनिक का हर घर, हमारा परिवार है।



# नगर निगम ने किच्छा बाईपास रोड से हटाया अतिक्रमणक, दुकानदारों में मचा हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास रोड में अतिक्रमण के कारण रोजाना लगने वाले जाम की निरंतर शिकायतें मिलने के बाद आज नगर निगम प्रशासन द्वारा किच्छा बाईपास रोड़ पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम की टीम ने भारी संख्या में दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे लगाये गये कुर्सी, मेज, बोर्ड व बिक्री का सामान जब्त कर वाहनों में भर लिया। साथ ही अतिक्रमणकारी कई दुकानदारों के चालान भी किये गये। जिससे क्षेत्र के सभी दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। निगम अधिकारियों की देखरेख में आज दूधिया बाबा कन्या छात्रावास से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया और साई मंदिर तक चला। अनेक वाहनों के साथ भारी संख्या में आये निगम कर्मियों को देखते ही सड़क किनारे सामान लगाकर कारोबार करने वाले लोगों में हड़कम्प मच गया और वह आनन फानन में अपना सामान समेटने में जुट गये। परंतु निगम



कर्मियों ने उनसे ज्यादा चुस्ती दिखाते हुए सड़क किनारे फैलाया गया दुकान का सामान जिसमें कुर्सी, मेज, तख्त, दुकान के बोर्ड सहित बिक्री का सामान भी शामिल था साथ लाये वाहनों में भरना शुरू कर दिया। निगम के अधिकारी ने बताया कि इस मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार एम्बुलेंस में ले जाये जा रहे मरीज का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई बार सड़क किनारे अतिक्रमण न करने के लिए समझाया गया है परंतु वह लगातार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

# जीवन में कर्म, भक्ति व ज्ञान का समन्वय करें स्थापित

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के यहां श्री हरि कृपा आश्रम में पहुँचने पर हरि भक्तों ने भव्य स्वागत किया। श्री महाराज जी ने यहां उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के उत्थान व अधर्म के विनाश के लिए यथासामर्थ्य, यथासंभव योगदान अवश्य दें। सभी में परमात्मा के दर्शन करते हुए व्यवहार करो।जो समस्त संसार को प्रभुमय कहते हैं या देखते हैं तो वे विरोध किससे करते हैं। वैर- विरोध, घृणा, द्वेष, अशांति इत्यादि त्यागो। कर्म, भक्ति व ज्ञान का जीवन में समन्वय स्थापित करो। हम सभी के अंदर सदैव से अच्छाई व बुराई, धर्म-अधर्म, उचित-अनुचित इत्यादि द्वंद चल रहा है। लेकिन यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है कि हम किसे जीताते हैं। मन की चंचलता को अभ्यास द्वारा रोककर एकाग्रचित्त होकर, बर्हिमुखता त्यागकर, अंर्तमुख होकर हम अपनी स्वयं की प्रभा को जागृत कर सकते हैं। अध्यात्म पथ पर अग्रसर हो सकते हैं। प्रभु भक्ति का यदि हृदय में निवास हो तो किंचित मात्र भी प्रत्यक्ष में तो क्या स्वप्न में भी हमें दुख व्यथित नहीं कर सकता। किसी सुखी को देखकर ईर्ष्या करना, व दुखी को देखकर प्रसन्न होना



यह दुष्टता के लक्षण है। उन्होंने कहा आज हर ओर आसुरी प्रवृत्तियों का बोलबाला है। धर्म के अनुष्ठान चाहे बहुत हो रहे हैं। परंतु धर्म के आचरण में इतनी वृद्धि नहीं हो रही है। मदिरापान, मांसाहार, दूसरों के अनिष्ट चिंतन व अनिष्ट दिल दुखाना, जीवो की हत्या करना, वेद शास्त्रों के प्रतिकूल चलना, तीर्थ, मंदिर, मस्जिद, चर्च इत्यादि की मर्यादाओं को समाप्त करने का प्रयास, माता-पिता व बुजुर्ग संत महापुरुषों का अनादर व तिरस्कार करना, देश व समाज को तोड़ने की घृणित साजिशे करना अथवा किसी प्रकार से भी उनमें सहयोग देना इत्यादि ये सभी आसुरी प्रवृत्तियां है। हम सभी स्वयं को इनसे दूर रखें साथ ही औरों को बचने की प्रेरणा दें। प्रेम,एकता व सद्भाव को बढ़ावा दें। भारत देश व इस देवभूमि की संस्कृति, पवित्रता व मर्यादा को नष्ट ना होने दें। मात्र अपने अधिकारों के लिए ही जागरूक ना हो, अपने कर्तव्यों का भी पालन करें व सेवा करें। सद्गुरु के कहे अनुसार चलें। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों में उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध को भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा "श्री गुरु महाराज" "कामा के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया" की जय जय कार से गुंजायमान हो उठा। श्री महाराज जी ने श्री दिव्येश्वर महादेव का महाभिषेक भी किया।

# महिलाओं को महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी : पूनम

## राहुल गांधी की जनसभा को सफल बनाने के लिए महिला कांग्रेस ने बनाई रणनीति

रुद्रपुर। सिटी क्लब में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 4 जून को अल्मोड़ा में आयोजित होने वाली लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जनसभा को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से जनसभा और रैली में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोरा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण और आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस लगातार प्रयासरत है तथा राहुल गांधी महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। बैठक में उत्तराखण्ड की सह प्रभारी पूनम पंडित ने कहा कि महिलाओं को महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सर्वाधिक शोषण भाजपा की सरकार में हो रहा है। उन्होंने महिलाओं से बड़ी संख्या में अल्मोड़ा पहुंचकर राहुल गांधी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा प्रदेश की जनता, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। बैठक में पोस्टकार्ड अभियान की शुरूआत भी की गयी। वक्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए दस लाख से अधिक पोस्टकार्ड भेजे जायेंगे। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने, बढ़ती महंगाई से राहत दिलाने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रभावी नीतियों की आवश्यकता है। बैठक में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, जया कर्नाटक, रेखा सोनकर, सुनीता कश्यप, प्रीती साना, अंकिता अधिकारी, सरोज रानी, सरस्वती बाला, कमला देवी, संगीता मण्डल, ज्योति साना, भजन कौर, सोनिया खुराना, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, ललित सिंह बिष्ट, पार्षद जितेश शर्मा, गौरव खुराना, पंकज शर्मा, शुभम दास आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# ग्रामीणों की समस्याओं का अधिकारी करें तत्काल समाधान : कैड़ा

भीमताल (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को भीमताल विधानसभा क्षेत्र के मटेला, कौड़ार, पस्या, नाई, भीडापानी, कचलाकोट, सुनकोट,गुरना,भेटी आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बिजली, पानी , सड़क आदि समस्याओं को मंत्री कैड़ा के सम्मुख रखा। जिस पर उन्होंने संबधित विभाग के अधिकारियो को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री कैड़ा ने भीड़ापानी में जन सभा को सम्बोधित



किया और जनता की समस्याओं को सुना। जल निगम व जल सस्थान के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे पेयजल लाईनों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंत्री ने लोक निर्माण विभाग व पीएमजीएसवाई विभाग के अधिकारियो क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो को शीघ्र सही करने को कहा। मंत्री कैड़ा ने कहा सरकार की योजनाओं को गाँव के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति तक पहुँचे इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा।

# हजरत नून शाह रहमतुल्लाह अलैह का चार दिवसीय उर्स शुरू

बाजपुर (संवाददाता)। बाजपुर हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर बाजपुर बरहैनी मार्ग स्थित हजरत नून शाह रहमतुल्लाह अलैह का 28वां चार दिवसीय उर्स मुबारक मंगलवार से शुरू हो गया। उर्स का शुभारंभ कुरआन ख्वानी के साथ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 5 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। दरगाह के सज्जादा गद्दीनशीन रफी बाबा ने उर्स कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून को सुबह कुरआन ख्वानी के साथ उर्स का आगाज किया गया। शाम को दरगाह परिसर में मिलाद शरीफ का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने



बताया कि उर्स के दूसरे दिन 3 जून को दरगाह पर अजीमोशान कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुरादाबाद से प्रसिद्ध कव्वाल सुल्तान अली साबरी अपनी प्रस्तुति देंगे। कव्वाली कार्यक्रम को लेकर अकीदतमंदों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उर्स के तीसरे दिन 4 जून को चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका परिषद बाजपुर के मोहल्ला मुंडियापिस्तौर से दरगाह नमूना तक चादर जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद दरगाह परिसर में कव्वाली का आयोजन होगा, जिसमें दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु भी शिरकत करेंगे। उर्स के अंतिम दिन 5 जून को सुबह 11 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी, जिसके साथ चार दिवसीय उर्स का समापन होगा। रफी बाबा ने बताया कि उर्स के दौरान 3, 4 और 5 जून को दरगाह परिसर में दिन रात लंगर की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने क्षेत्र सहित दूरदराज से आने वाले तमाम अकीदतमंदों से उर्स मुबारक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रमों में सहभागिता करने की अपील की है। उर्स को लेकर दरगाह परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

नानकमत्ता। जनपद में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक नानकमत्ता संजय पाठक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 1 जून 2026 को कार्रवाई करते हुए परमजीत सिंह उर्फ बॉबी पुत्र भजन सिंह निवासी सिद्धानवदिया, कोतवाली नानकमत्ता को गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र 22 वर्ष बताई गई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी में 17.28 ग्राम स्मैक (शुद्ध वजन 16.58 ग्राम) बरामद हुई। बरामद स्मैक की मात्रा को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। यदि उसके विरुद्ध पूर्व में भी कोई आपराधिक मामले दर्ज पाए जाते हैं तो उन्हें विवेचना में शामिल किया जाएगा।पुलिस टीम में में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उप निरीक्षक मनोज जोशी, कांस्टेबल नवीन जोशी तथा चालक नरेंद्र बोरा शामिल रहे।

# सरकारी वाहन में टक्कर मारने व पुलिस से अभद्रता करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। किरायेदारों के सत्यापन के दौरान सरकारी वाहन में टक्कर मारने और पुलिसकर्मियों से गाली-गलौच व हाथापाई करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक नवीन बुधानी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मई को पुलिस टीम एसआरएफ फैक्ट्री के कर्मियों का सत्यापन कर रही थी। सत्यापन के दौरान गड्ढा कॉलोनी पुलिया के पास एक बाइक संख्या यूके18के-7781 ने गलत साइड से आकर सरकारी वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार पारस अधिकारी पुत्र दीवान सिंह मामूली रूप से घायल हो गया। जब पुलिसकर्मियों ने उसे समझाने का प्रयास किया, तो वह गाली-गलौच और धमकी देने लगा। तहरीर के अनुसार, कुछ देर बाद पारस अधिकारी अपनी बाइक और कार संख्या यूके06एजे-6010 से अपने भाई व चाची के साथ पुन: घटनास्थल पर पहुंचा। आरोपियों ने पुलिस जीप के आगे कार खड़ी कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की और पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता की। पारस ने चालक वीरेंद्र यादव का गिरेबान पकड़ लिया, वरिष्ठ उप निरीक्षक का चश्मा तोड़ दिया और कांस्टेबल वीरेंद्र यादव की वर्दी फाड़ दी। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस बल ने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे लगातार गाली-गलौच और धक्का-मुक्की करते रहे। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर पीयूष अधिकारी और पारस अधिकारी पुत्र श्याम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एसएसआई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 132, 121, 352, 351(2) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

# फैक्ट्री लगाने के नाम पर साढ़े चार करोड़ की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। फैक्ट्री लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के रोहणी स्थित पेरामाउंट पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजीव गोयल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्हें उत्तराखण्ड में अपनी कंपनी की एक यूनिट शुरू करनी थी। इसके लिए उन्होंने 12 दिसंबर 2022 को महुआखेड़ा गंज निवासी मौ. रिजवान अंसारी के साथ तेरह करोड़ इकत्तीस लाख रुपये में जमीन का सौदा किया था। इसमें भूमि, प्लांट और मशीनरी का इकरारनामा नोटरी अधिवक्ता के समक्ष तस्दीक कराया गया था। संजीव गोयल ने आरोप लगाया कि उन्होंने जमीन के एवज में एक करोड़ 45 लाख रुपये चेक और आरटीजीएस के माध्यम से रिजवान को दिए। बाद में फैक्ट्री में काम शुरू करने के लिए उन्होंने किराये पर मशीनों का उपयोग किया और 70 लाख 77 हजार 531 रुपये का फाइबर भी रिजवान से खरीदा, जिसे बैनामे की धनराशि में समायोजित करने की बात हुई थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने अलग-अलग तिथियों में एक करोड़ 30 लाख रुपये और दिए तथा फैक्ट्री की मरम्मत में करीब 80 लाख रुपये खर्च किए। पीड़ित का आरोप है कि जमीन की कीमतें बढ़ने पर रिजवान अंसारी ने सौदे की रकम बढ़ाने का दबाव बनाया। जब उन्होंने पूरा पैसा देकर बैनामा कराने को कहा, तो रिजवान और उसके रिश्तेदार मुन्ना अंसारी ने बताया कि जमीन बैंक में गिरवी है और वे इसे नहीं दे सकते। साथ ही उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर फैक्ट्री खाली करने का दबाव बनाया। जून 2023 में फैक्ट्री खाली करने के बाद रिजवान ने चार करोड़ 25 लाख 77 हजार 531 रुपये तीन महीने में वापस करने का वादा किया था, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी पैसे नहीं लौटाए गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मौ. रिजवान अंसारी और मुन्ना अंसारी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मेरिट और पारदर्शिता से मिल रही सरकारी नौकरियां: धामी

## मुख्यमंत्री ने 276 युवाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्यसेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विभिन्न विभागों में चयनित 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवचयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरुआत है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में वन विभाग के 109, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 88, प्राविधिक शिक्षा विभाग के 65 तथा नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के 14 अभ्यर्थी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों के परिश्रम, अनुशासन, संघर्ष और धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता मिली है, जो उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नकल माफियाओं और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप आज प्रदेश में युवाओं की सफलता का आधार केवल उनकी योग्यता और मेरिट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर सरकारी सेवाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से अपेक्षा की कि



वे अपनी कार्यकुशलता, ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जब व्यवस्था में योग्य और कर्मठ युवा आगे आते हैं, तब विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। धामी ने कहा कि विभिन्न विभागों में चयनित युवाओं की भूमिका राज्य के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कार्मिक प्रदेश के सुनियोजित विकास में योगदान देंगे, जबकि प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े युवा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक मातृ एवं बाल कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाएंगे तथा वन विभाग में चयनित युवा राज्य की वन संपदा और जैव विविधता के संरक्षण में अहम भूमिका अदा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तराखंड सरकार भी विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हो रहा है, निवेश बढ़ रहा है और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवचयनित युवा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते हुए उत्तराखंड के विकास तथा जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, धन सिंह रावत, रेखा आर्या, खजान दास, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव रंजीत कुमार सिन्हा, चन्द्रेश कुमार, आर. राजेश कुमार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।








Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# राहुल की सभाओं में जुटें कार्यकर्ता: बेहड़

## विधायक ने जनसंवाद में सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

किच्छा (संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर उन्हें सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का दौरा प्रदेश की राजनीति और संगठनात्मक गतिविधियों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है तथा कार्यकर्ताओं को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। विधायक बेहड़ ने बताया कि 4 जून को राहुल गांधी अल्मोड़ा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे तथा इसके बाद पौड़ी में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। वहीं 5 जून को देहरादून में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सैनिक प्रकोष्ठ तथा विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के साथ बैठकें करेंगे। इसके उपरांत विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने किच्छा स्थित कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में वार्ड संख्या 19 के निवासियों ने दिल्ली टेंट हाउस से फारूक गोटिया तक सड़क निर्माण की मांग उठाई। वार्ड निवासी सेम मियां ने भी सड़क निर्माण संबंधी समस्या विध



ायक के समक्ष रखी। वहीं नजीमाबाद पहाड़ी कॉलोनी निवासी अमरजीत सिंह ने क्षेत्र में सड़क निर्माण कराने की मांग की। वार्ड संख्या 18 के निवासियों ने मकसूद वाली गली स्थित स्कूल से अनवर के घर तक सड़क निर्माण कराए जाने की मांग रखी। किच्छा निवासी ललिता ने अपनी आवास संबंधी समस्या से विधायक को अवगत कराया। विधायक बेहड़ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान लगभग एक माह तक चलेगा, जिसके अंतर्गत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड और गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की जाएगी।

# कार्यकर्ताओं से की जनसभा में पहुंचने की अपील

दिनेशपुर (संवाददाता)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 4 जून को प्रस्तावित अल्मोड़ा दौरे को लेकर दिनेशपुर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अल्मोड़ा पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने कहा कि राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा प्रदेश की जनता की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर राहुल गांधी के विचारों और संदेश को जन जन



तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के आम नागरिकों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनका उत्तराखंड आगमन प्रदेश के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे संगठन को भी नई मजबूती मिलेगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी का यह दौरा कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा और प्रदेश के विकास, रोजगार, महंगाई तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक में नगर अध्यक्ष नारायण हालदार, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन नयाल, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, किशोर हालदार, निमाई मंडल, अजय राय, भीम तुकाराल, आशुतोष राय, कृष्ण पद, तारक बाछड़ तथा तिर्नाथ विश्वास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सक्रिय रूप से कार्य करने का भरोसा जताया।

# वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एम.के. तिवारी बने सीएमएस

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की बढ़ी उम्मीद,बधाई देने वालों का लगा तांता

रुद्रपुर। जिला अस्पताल रुद्रपुर को नया मुखिया मिल गया है। प्रदेश के प्रतिष्ठित फिजिशियनों में शुमार डॉ. एम. के. तिवारी ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) का कार्यभार संभाल लिया है। अपने लंबे अनुभव, सटीक निदान और मरीजों के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. तिवारी का लाभ जहां समाज के हर वर्ग के लोग वर्षों से उठा रहे हैं, वहीं कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रतिष्ठित लोग भी उनके मरीजों में शामिल हैं। उनकी नियुक्ति से जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में नए सुधार और बेहतर प्रबंधन की उम्मीदें बढ़ गई हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. तिवारी ने कहा कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ मरीजों की सेवा उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने प्रतिदिन दो घंटे ओपीडी में बैठकर मरीजों का उपचार करने का निर्णय लिया है, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को सीधे उनके अनुभव का लाभ मिल सकेगा। डॉ. तिवारी चिकित्सा क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के कारण विशेष पहचान रखते हैं। कई गंभीर मरीज उनके उपचार और मार्गदर्शन से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि उनके सीएमएस बनने की सूचना मिलते ही अस्पताल के चिकित्सकों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों का मानना है कि डॉ. तिवारी के नेतृत्व में अस्पताल की व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत होंगी। मरीजों को बेहतर उपचार, समय पर जांच सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। डॉ. तिवारी ने भी भरोसा दिलाया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को सम्मानजनक और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उनके नेतृत्व में जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के एक नए और सकारात्मक अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। डॉ. एम. के. तिवारी उत्तराखंड बनने के बाद से राज्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और वर्ष 2013 से जिला अस्पताल रुद्रपुर में नियुक्त हैं। वर्ष 2017 से 2019 तक पारिवारिक कारणों से अवकाश पर रहने के बाद उन्होंने पुन: अस्पताल में कार्यभार संभाला और मरीजों की सेवा में जुट गए। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वरिष्ठ फिजिशियन के रूप में हजारों मरीजों का उपचार किया है, वहीं अस्पताल में विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव, कुशल कार्यशैली और मरीजों के प्रति समर्पण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।






# रुद्रपुर की जसमीत कौर ने पीसीएस परीक्षा में किया टॉप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य सिविल एवं प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार, शारीरिक दक्षता परीक्षा और चिकित्सीय परीक्षण के बाद विभिन्न विभागों के कुल 182 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में रुद्रपुर की जसमीत कौर पाहवा ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऊधमसिंह नगर का नाम रोशन किया है। जबकि हल्द्वानी की वर्षा जोशी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। पीसीएस 2024 के परिणाम में महिलाओं का दबदबा देखने को मिला है। डिप्टी कलेक्टर के नौ पदों में से चार पदों पर महिलाओं ने सफलता हासिल की है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयनित 10 अभ्यर्थियों में पांच महिलाएं शामिल हैं। अन्य महत्वपूर्ण संवर्गों में भी महिला अभ्यर्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। आयोग की ओर से जारी चयन सूची के अनुसार डिप्टी कलेक्टर पद पर जसमीत कौर पाहवा, वर्षा जोशी, आशुतोष नौटियाल, अमित चंद्र द्विवेदी, मीनाक्षी भाटिया, फराज मियां, विरल शर्मा, उज्ज्वल डालाकोटी और काजल सैनी का चयन हुआ है। पुलिस उपाधीक्षक पद पर अदिति पुनेठा, ऐश्वर्या भट्ट, मनीष चंद्र रमोला, संदीप कुमार सिंह पटेल, शताक्षी शर्मा, सक्षम, गोविंद पांडेय, हिमांशु दिवाकर, श्रेया सिंह और प्रकृति नेगी चयनित हुए हैं। जिला कमांडेंट होमगार्ड के पद पर अरुणिमा रावत, पार्थ पांडेय, नागेश शुक्ला, मनमोहन गुसाईं और प्रियंका पांडेय ने सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, कार्याधिकारी जिला पंचायत, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उप शिक्षा अधिकारी, स्टाफ ऑफिसर, विधि अधिकारी, परिवीक्षा अधिकारी, वित्त अधिकारी एवं कोषाधिकारी, सहायक आयुक्त राज्यकर, राज्य कर अधिकारी तथा सहायक नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न संवर्गों के पदों पर भी अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जसमीत कौर पाहवा वर्तमान में बागेश्वर में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात हैं। इससे पहले भी उन्होंने पीसीएस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी पद के लिए शीर्ष रैंक हासिल की थी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही उन्होंने एक बार फिर पीसीएस परीक्षा दी और इस बार पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नई उपलब्धि अपने नाम कर रुद्रपुर की वसुंधरा पॉम हाउस कॉलोनी निवासी जसमीत कौर के पिता जसवंत सिंह पाहवा व्यवसायी हैं, जबकि माता मनप्रीत कौर गृहिणी हैं। उनके दो भाई हैं, जिनमें एक इंजीनियर हैं और दूसरे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय में डिग्री प्राप्त की है। जसमीत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रुद्रपुर के आरएएन पब्लिक स्कूल से प्राप्त की तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई होली चाइल्ड स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में स्नातक किया। अपनी सफलता का श्रेय निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास को देते हुए जसमीत ने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास लगातार जारी रहें तो सफलता अवश्य मिलती है।



# कॉजवे निर्माण कार्य को 3.87 करोड़ रुपये स्वीकृत: भट्ट

हल्द्वानी । सांसद अजय भट्ट के प्रयासों से विजयपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। गोलापार स्थित सुखी नदी पर विजयपुर- पहाड़पानी मार्ग के लिए कॉजवे निर्माण और 1.30 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य हेतु 3.87 करोड़ रुपये की धनराशि विभागीय समिति से अनुमोदित हो गई है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने बताया कि जल्द ही शासनादेश जारी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजयपुर क्षेत्र के लोग लंबे समय से बेहतर सड़क और आवागमन सुविधाओं की मांग कर रहे थे। उनके प्रयासों से वन विभाग की आवश्यक स्वीकृतियों के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग की वित्तीय और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की पुल निर्माण की मांग को भी गंभीरता से लिया गया है और लोक निर्माण विभाग को प्रारंभिक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में विजयपुर क्षेत्र में पुल निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। सांसद भट्ट ने कहा कि जिस तरह शेरनाला और सूर्यानाला में पुराने कॉजवे की जगह पुल निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसी तरह विजयपुर क्षेत्र में भी बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सड़क और कॉजवे निर्माण पूरा होने के बाद विजयपुर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।



# बंद पानी की टंकी में मिला मानव कंकाल,डीएनए जांच के लिए भेजा


रामनगर (संवाददाता)। ग्राम सभा अमोठा पाटकोट में बंद पड़ी एक पानी की टंकी से मानव कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में कंकाल करीब छह माह पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान जगदीश चन्द्र ने 29 मई को कोतवाली रामनगर पुलिस को पानी की टंकी में मानव अवशेष दिखाई देने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बंद पड़े टैंक में मानव कंकाल मिलने की खबर से पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही उपनिरीक्षक गणेश जोशी को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा गया। पुलिस ने नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई कर कंकाल को कब्जे में लिया और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की। पुलिस के अनुसार कंकाल की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। मृतक की शिनाख्त के लिए डीएनए सैंपल लेकर परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक की पहचान और मौत से जुड़े तथ्यों के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही है। बीते कुछ महीनों के दौरान किसी व्यक्ति के लापता होने अथवा किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही पुलिस क्षेत्र के गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों और फोरेंसिक जांच के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल कंकाल मिलने की घटना को लेकर विभिन्न पहलुओं पर जांच जारी है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी अतिक्रमण रिपोर्ट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## वजींदर सिंह को चुनाव लड़ने से रोकने की साजिश का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

रुद्रपुर। नानकमत्ता क्षेत्र के निवासी वजींदर सिंह को कथित फर्जी अतिक्रमण रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान चुनाव लड़ने से रोकने के आरोप को लेकर सोमवार को कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व जसपुर विधायक आदेश चौहान, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा तथा खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने किया। प्रदर्शन कारियों ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों ने राजनीतिक दबाव में आकर खसरा संख्या 672/1 रकबा 5.3 एकड़ भूमि पर फर्जी अतिक्रमण रिपोर्ट तैयार की, ताकि वजींदर सिंह और उनके पिता का ग्राम प्रधान पद का नामांकन निरस्त कराया जा सके। वजींदर सिंह ने आरोप लगाया कि संबंधित भूमि पर राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में किए गए सर्वेक्षण में किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं पाया गया था। इसके बावजूद बाद में तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। उन्होंने पूरे मामले को राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजकर न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान वजींदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, रणजीत सिंह, रूपेंद्र सिंह, विजय हरदीप शुक्ला, विशप्रीत सिंह, सेमरा, बलविंदर सिंह, जगदीप सिंह सिद्धू, सुखदेव सिंह भट्टी, चेतन भट्ट, कुलविंदर सिंह, भोजा सिंह, राजवीर सिंह, दर्शन सिंह और हरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस और पीएसी बल तैनात रहा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग स्वीकार नहीं किया जा सकता और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दहेज हत्याएं और उत्पीड़न

कोई भी समाज तभी सभ्य और समग्र रूप से विकसित कहलाता है, जब उसमें ऊंच-नीच और किसी तरह के मतभेद की कोई दीवार नहीं होती तथा सबको उसके हिस्से का अधिकार मिलता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि आजादी के दशकों बाद भी भारतीय समाज में ऐसी कुप्रथाएं अपनी जड़ें जमाए हुए हैं, जहां पुरुषवादी मानसिकता के कारण महिलाओं को कमतर आंका जाता है और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।दहेज प्रथा भी इनमें से एक है, जिसके खिलाफ सख्त कानून होने के बावजूद उस पर रोक नहीं लग पा रही है। दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न करने या उसकी हत्या कर देने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। ऐसे ही एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक तरफ लड़की के परिवार से उपहार के नाम पर मोटी रकम ली जाती है और फिर उन्हें भिखारी भी कहा जाता है, यह स्थिति बेहद शर्मनाक है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि दहेज के लिए बहू और उसके परिवार को प्रताड़ित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सवाल यह है कि जब देश में दहेज के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधान लागू हैं, तो आखिर इस कुरीति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जाहिर है कि यह हमारे शासकीय तंत्र और सामाजिक व्यवस्था में खामियों का ही नतीजा है, जिसका खामियाजा महिलाओं और उनके परिवार को भुगतना पड़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, देश में वर्ष 2017 में दहेज हत्या के 7,466 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2024 के दौरान ऐसे 5,737 मामले दर्ज किए गए।इसी तरह वर्ष 2023 में दहेज प्रताड़ना से जुड़े 15 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए। एनसीआरबी के ही अनुसार, 2024 में दहेज हत्या के 5,737 मामले दर्ज किए गए। यानी वास्तविक स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कई मामलों में महिलाएं मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करती हैं, लेकिन सामाजिक दबाव, परिवार की बदनामी और जागरूकता के अभाव में वे पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पातीं। इसमें दोराय नहीं कि दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए कानूनी और सामाजिक मोर्चे दोनों पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जब तक समाज की सोच में बदलाव नहीं आएगा और महिलाओं को व्यापक स्तर पर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक कानून बनाने का मकसद और उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी अधूरा ही रहेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने भी साफ कहा है कि आखिर लड़के शादी क्यों करते हैं, अगर बाद में लड़की और उसके परिवार का अपमान ही करना होता है। दहेज के लिए मानसिक और आर्थिक दबाव डालना एक गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। यह विचित्र बात है कि समाज में दहेज प्रताड़ना को सामान्य घटना मान लिया जाता है, जिस कारण कई बार पुलिस की ओर से भी पीड़ित पक्ष की शिकायत दर्ज करने के बजाय दोनों पक्षों में सुलह कराने को प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में जरूरत इस बात की भी है कि दहेज से जुड़े मामलों को हर स्तर पर गंभीरता से लिया जाए और सरकारी जांच तंत्र में व्याप्त खामियों को दुरुस्त कर उसे संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाया जाए।

# शीतल शर्बत वितरण शिविर आयोजित

सितारगंज। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मानवता की सेवा और लोक कल्याण के उद्देश्य से आज सितारगंज में एक भव्य श्शीतल शर्बत वितरण शिविरश का आयोजन किया गया। पूज्य श्री सतपाल महाराज जी की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर में भीषण गर्मी से जूझ रहे राहगीरों और आम जनमानस को शीतल शर्बत पिलाकर राहत प्रदान की गई। आयोजन मानव उत्थान सेवा समिति, सितारगंज द्वारा मानव धर्म मंदिर के समीप किया गया। तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच शर्बत के स्टॉल पर राहगीरों का तांता लगा रहा। समिति के कार्यकर्ताओं ने बड़े ही सेवा भाव के साथ सभी को शीतल पेय पिलाकर सेवा की मिसाल पेश



की। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित महात्मा देहुती बाईजी और महात्मा भद्राबाईजी ने अपने आशीर्वचनों से सेवा कार्य को और अधिक पुनीत बनाया। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी सम्मिलित हुए। उन्होंने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ समाज सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। शिविर को सफल बनाने में रुक्मिणी देवी, प्रिंस रस्तोगी, ओमप्रकाश, मनित गर्ग, पंडित दिगंबर सती, सरोज रस्तोगी, सुमन आदि भक्तगणों और समिति के अन्य सदस्यों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

# किसानों को जैविक खेती और मृदा परीक्षण के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला सभागार में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए किसानों से संतुलित उर्वरकों के उपयोग और जैविक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कृषि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि किसानों को खेतों में गोबर खाद और हरी खाद का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता लंबे समय तक बनी रह सके। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता लगातार कम होती है। साथ ही ऐसे अनाज और सब्जियों के सेवन का प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी जैविक खेती को बढ़ावा देने के पक्षधर हैं और किसानों को अधिक से अधिक ऑर्गेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से भी अच्छी पैदावार प्राप्त होती है और इससे स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने किसानों से अपने स्वास्थ्य के साथ साथ मिट्टी के स्वास्थ्य का भी



विशेष ध्यान रखने की अपील की। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीकेएस यादव ने बताया कि खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत 1 जून से 30 जून तक जनपद के सभी विकास खंडों में जनजागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि मिट्टी की जांच कराने के बाद ही उर्वरकों और दवाइयों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण से खेत की वास्तविक उर्वरक क्षमता का पता चलता है, जिससे फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का सही उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य और राशन क्षेत्र में जिला एवं विकास खंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायण, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीकेएस यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी सतीश कुमार शर्मा, ठाकुर जगदीश सिंह, कमल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, कुंवर सिंह, उमाशंकर, रीना देवी, छोटे सिंह, राजपाल सिंह, प्रांजल त्रिपाठी, ज्ञान सिंह चौहान, उमेश सिंह, हरीश सिंह, शशांक चन्द्र, निदेश सिंह, माया देवी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## प्रेम आश्रम संपतपुर में 7 जून तक चलेगा भक्ति ज्ञान यज्ञ, 8 जून को होगा विशाल भंडारा

रूद्रपुर। श्री प्रेम आश्रम धाम न्यास कमेटी की ओर से दादा गुरु श्री श्री 1008 भैरवनाथ जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रेम आश्रम संपतपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम गुरु गायत्री नाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। कलश शोभायात्रा ग्राम जाफरपुर से प्रेम आश्रम संपतपुर तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। इस दौरान गुरु गायत्री नाथ जी महाराज फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देते रहे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी



प्रेम, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार होता है। कथा व्यास स्वामी राम जी दास श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। कार्यक्रम में वशिष्ठ जी महाराज बरसाने वाले, कमल वशिष्ठ, योगेश नाथ जी, प्रेम आश्रम धाम न्यास कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, राजकुमार भुसरी, शुभम सुखीजा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेन्द्र बठला, चिमन लाल ठुकराल, मनीष छाबड़ा, पुरुषोत्तम छाबड़ा, ललित बिष्ट, अशोक यादव, रमेन विश्वास, सुभाष मक्कड़, विशाल छाबड़ा, सचिन छाबड़ा, तीरथ सीकरी, इन्दर खुराना, दर्शन लाल छाबड़ा, विनोद ठुकराल, बंटी कुमार, गुलशन शर्मा, विक्की छाबड़ा, सुमन, शकुंतला रानी सुखीजा, वर्षा छाबड़ा, मीनू हुड़िया, शशि भुसरी, कांता मक्कड़, शोभा फूटेला, रजनी, सीमा सेतिया, सोनिया, सुदेश छाबड़ा, राधा रानी छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। न्यास कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा 7 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। 7 जून की रात्रि 9 बजे से विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 8 जून को प्रात: 7 बजे भोग एवं प्रसाद वितरण, सुबह 8 बजे हवन यज्ञ, 11 बजे संत प्रवचन तथा दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

# श्री खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्याम जी परिवार द्वारा सोमवार की रात्रि आयोजित श्री खाटू श्याम बाबा के भव्य संकीर्तन एवं भजन संध्या में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर सैंकड़ों के संख्या में श्रद्धालु बाबा के भजनों में मग्न होकर झूमते रहे। इस मौके पर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने अपनी धर्मपत्नी दीपिका मित्तल के साथ श्रद्धापूर्वक बाबा श्याम के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम के मनमोहक भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस भक्ति और आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में देर रात तक श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारों और भजनों में लीन रहे। प्रमोद मित्तल ने कहा



कि खाटू श्याम बाबा की भक्ति श्रद्धालुओं के जीवन में नई ऊर्जा, विश्वास और सकारात्मकता का संचार करती है। बाबा श्याम अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं तथा उनके जीवन से दुख और बाधाओं को दूर कर सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में प्रदीप अग्रवाल, हरि प्रकाश अग्रवाल, प्रवीन गोयल, रमेश जायसवाल, अमन गुप्ता, अमित बंसल, सुनील पचौरी, रुचि जायसवाल, चंदन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, रामजी मौर्य, हरवीर चौधरी, निखिल चंडोक, जितेंद्र अग्रवाल, कुशल अग्रवाल, सतीश जैन, रिंकू बंसल, राहुल बंसल, श्याम गर्ग, हरीश अरोरा, विकास नारंग, राधेश्याम अग्रवाल, अनुज गुप्ता, नीरज गर्ग, राजीव चावला, युवांश चावला, उमंग गोयल, अनुराग शर्मा, शिखा गोयल, नेहा बंसल, दिव्यांशी पचौरी, संजना धमीजा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की सेवा, भक्ति एवं संकीर्तन में सहभागिता की।

# खेल विश्वविद्यालय की मिट्टी माथे से लगाकर भावुक हुईं रेखा आर्या

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के बहुप्रतीक्षित खेल विश्वविद्यालय की भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या पहली बार गौलापार स्थित प्रस्तावित परिसर पहुंचीं। इस दौरान वह भावुक नजर आईं और भूमि की मिट्टी को माथे से लगाकर नमन किया। उन्होंने कहा कि यह केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि उत्तराखंड के लाखों खिलाड़ियों के सपनों की भूमि है और उनके लिए किसी तीर्थस्थल से कम नहीं है। खेल मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे भूमि समतलीकरण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वर्तमान में परिसर क्षेत्र में भूमि समतलीकरण, झाड़ियों की सफाई और अन्य प्रारंभिक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान रेखा आर्या ने कहा कि लंबे प्रयासों और विभिन्न औपचारिक प्रक्रियाओं के बाद खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का सपना अब साकार होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक खेल मंत्री के रूप में यह क्षण उनके लिए अत्यंत भावनात्मक है। इस भूमि पर भविष्य में प्रदेश के खिलाड़ियों के सपने आकार लेंगे और उन्हें विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इस मिट्टी को माथे से लगाया तो उनके मन में उन खिलाड़ियों का संघर्ष, समर्पण और उम्मीदें ताजा हो गईं, जो वर्षों से बेहतर खेल सुविधाओं और अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह भूमि केवल विश्वविद्यालय निर्माण का स्थल नहीं, बल्कि उत्तराखंड के खेल भविष्य की मजबूत नींव है। खेल मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में यह विश्वविद्यालय खेल उत्कृष्टता का प्रमुख केंद्र बनेगा, जहां से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इससे प्रदेश के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और नई संभावनाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब धरातल पर उतर रही है। खेल विश्वविद्यालय की स्थापना उत्तराखंड को देश के अग्रणी खेल राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। निरीक्षण के दौरान खेल उपनिदेशक राशिका सिद्दकी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, वरुण बेनीवाल, सतीश कुमार सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# नफीस ने गुम हुआ पर्स लौटाया, महिला ने जताया आभार



गदरपुर (संवाददाता)। जहां एक ओर आए दिन चोरी, ठगी और विश्वास टूटने की घटनाएं सामने आती हैं, वहीं गदरपुर क्षेत्र के मजरा शीला निवासी नफीस अहमद अंसारी ने ईमानदारी और इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। उन्होंने 51 हजार रुपये की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा एक पर्स उसके वास्तविक मालिक को सुरक्षित लौटाकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जानकारी के अनुसार रजपुरा नंबर दो निवासी किरन किसी कार्य से बाहर गई थीं और घर लौटते समय मजरा शीला के पास उनका पर्स कहीं रास्ते में गिर गया। पर्स में लगभग 51 हजार रुपये की नकदी के अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। घर पहुंचने से पहले ही उन्हें पर्स के गुम होने का एहसास हुआ, जिसके बाद उनकी चिंता बढ़ गई। पर्स की तलाश में महिला ने अपने स्तर पर काफी प्रयास किए। उन्होंने रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी और विभिन्न स्थानों पर पूछताछ की। तलाश के दौरान वह मजरा शीला स्थित एक किराना दुकान पर पहुंचीं, जहां उनकी मुलाकात नफीस अहमद अंसारी से हुई। महिला की परेशानी देखकर नफीस ने उनसे कारण पूछा तो उन्होंने पर्स खोने की पूरी जानकारी दी। महिला की बात सुनते ही नफीस अहमद उन्हें अपनी दुकान पर ले गए और सुरक्षित रखा हुआ पर्स उन्हें सौंप दिया। पर्स की जांच करने पर उसमें रखी पूरी नकदी और सभी जरूरी दस्तावेज सुरक्षित मिले। खोया हुआ पर्स वापस मिलने पर महिला ने राहत की सांस ली और नफीस अहमद का आभार व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी की जमकर सराहना की। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों ने भी नफीस अहमद की प्रशंसा की। स्थानीय लोगों का कहना है कि नफीस ने यह साबित कर दिया है कि आज भी समाज में ईमानदारी और इंसानियत जिंदा है। लोगों का कहना है कि ऐसे सकारात्मक उदाहरण समाज में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं और युवाओं को भी सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

# 14 वर्ष के बाद महिला को मिला न्याय



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊँ में आमजन के बीच यह धारणा अक्सर सुनने को मिलती है कि जब वर्षों तक प्रयास करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता और न्याय के रास्ते सीमित नजर आने लगते हैं, तब लोग अपनी अंतिम उम्मीद लेकर कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत के जनता दरबार का रुख करते हैं। जनसुनवाई के माध्यम से अनेक ऐसे प्रकरणों का समाधान हुआ है, जिनमें लंबे समय से परेशान नागरिकों को राहत मिली है। गीता बैरागी का मामला भी ऐसे ही मामलों में शामिल हो गया है, जिसमें वर्षों से लंबित भूमि रजिस्ट्री का समाधान प्रशासनिक हस्तक्षेप से संभव हो सका। जब उसे हर दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं मिला समाधान, तब कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत के हस्तक्षेप से उसकी 14 वर्ष पुरानी समस्या दूर हुई। ऋषिकेश निवासी श्रीमती गीता बैरागी ने लगभग 14 वर्ष पुरानी भूमि रजिस्ट्री संबंधी समस्या कुमाऊँ क्षेत्र में जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चर्चित दीपक रावत के समक्ष अप्रैल 2026 में अपनी शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2012 में उन्होंने किच्छा की सुनहरा कॉलोनी में 60 वर्ग गज का भूखंड खरीदा था, लेकिन भुगतान होने के बावजूद वर्षों तक उनके नाम रजिस्ट्री नहीं हो सकी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कुमाऊँ आयुक्त ने प्रकरण तहसीलदार, किच्छा को प्रेषित कर दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर देने तथा नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों की सुनवाई हुई और अंततः विक्रेता द्वारा श्रीमती गीता बैरागी के नाम भूमि की विधिवत रजिस्ट्री कर दी गई।कुमाऊँ में अनेक नागरिकों का मानना है कि जब लंबे समय तक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता, तब वे अपनी उम्मीद लेकर आयुक्त के जनता दरबार पहुंचते हैं। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें वर्षों से लंबित शिकायतों का समाधान प्रशासनिक हस्तक्षेप से संभव हुआ है।

# बहुप्रतीक्षित काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण का रास्ता साफ



रुद्रपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में बहुप्रतीक्षित काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। नगर निगम रुद्रपुर ने चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए अपनी अनापत्ति (एनओसी) दे दी है। नगर निगम की सहमति मिलने के बाद अब सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है। महापौर विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि काशीपुर बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण लंबे समय से प्रस्तावित था। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल इस सड़क पर वाहनों का भारी दबाव रहता है और अक्सर लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से इस मार्ग के चौड़ीकरण की योजना बनाई गई थी। हालांकि चौड़ीकरण की जद में नगर निगम की कुछ दुकानें आने के कारण व्यापारियों में चिंता बनी हुई थी। प्रभावित व्यापारियों ने अपनी दुकानों को बचाने और राहत दिलाने की मांग की थी। व्यापारियों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री से वार्ता कर मामले को प्रमुखता से रखा। इसके बाद सड़क की प्रस्तावित चौड़ाई को कुछ कम करने का निर्णय लिया गया, जिससे व्यापारियों को राहत मिल सकी। महापौर ने बताया कि चौड़ीकरण से संबंधित कुछ तकनीकी प्रक्रियाएं लंबित थीं। लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि के हस्तांतरण के संबंध में नगर निगम से सहमति मांगी गई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने भूमि हस्तांतरण के लिए लोक निर्माण विभाग को अनापत्ति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि काशीपुर बाईपास का चौड़ीकरण शहर के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूरा होने से न केवल जाम की समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि आम लोगों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर के सुनियोजित विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद रुद्रपुर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# कलसिया पुल के निर्माण में बाधक अतिक्रमण पर चली जेसीबी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम स्थित कलसिया पुल के पुनर्निर्माण की दिशा में प्रशासन ने अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं। सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पुल के आसपास किए गए अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन की मदद से हटा दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से अतिक्रमण ध्वस्त किए। काफी देर तक चली इस कार्रवाई के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के चलते कलसिया पुल लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। वर्तमान में कुमाऊं मंडल के छह जिलों की यातायात व्यवस्था वैकल्पिक बेली ब्रिज के जरिए संचालित की जा रही है। ऐसे में स्थायी पुल निर्माण को प्रशासन ने प्राथमिकता में रखा है।अधिकारियों के अनुसार पुल निर्माण कार्य शुरू करने के लिए आसपास के अतिक्रमणों को हटाना जरूरी था।इस संबंध में अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयावधि बीतने के बाद भी कब्जे नहीं हटाए जाने पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानों पर अस्थायी निर्माण और अन्य अवैध कब्जों को हटाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने कहा कि मानसून से पहले स्थायी पुल निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुल के तैयार होने से कुमाऊं की यातायात व्यवस्था और अधिक सुरक्षित व सुगम हो सकेगी तथा लोगों को आवागमन में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परियोजनाओं में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# दवा की दुकानों पर साप्ताहिक ताला बना जनता की परेशानी



सितारगंज(उद संवाददता)। नगर में मंगलवार को मेडिकल स्टोर बंद रहने की व्यवस्था अब आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर बार एसोसिएशन सितारगंज के अध्यक्ष दयानन्द सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर के सभी मेडिकल स्टोर प्रतिदिन खुलवाने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि दवाइयां कोई सामान्य वस्तु नहीं बल्कि जीवनरक्षक आवश्यकता हैं, ऐसे में सप्ताह के किसी भी दिन मेडिकल स्टोर बंद रहने से मरीजों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से जूझ रहे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में कहा गया है कि मंगलवार को दवा की आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सितारगंज से बाहर अन्य शहरों की ओर भागना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर दवा न मिलने से मरीज की जान तक खतरे में पड़ सकती है। बार एसोसिएशन ने प्रशासन से जनहित में तत्काल हस्तक्षेप कर मेडिकल स्टोरों के साप्ताहिक बंद की व्यवस्था पर पुनर्विचार करने तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध बनाए रखने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए और नागरिकों को हर दिन आसानी से दवाइयां उपलब्ध होना उनका मूल अधिकार है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि समय पर दवा न मिलने के कारण कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी गंभीर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस मांग को लेकर नगरवासियों में भी समर्थन देखने को मिल रहा है और लोग स्वास्थ्य सेवाओं को 24 घंटे उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। ज्ञापन देने वालो में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दयानन्द सिंह,अविनाश कुमार,अंकित रस्तोगी,राहुल, मोहिंन,नरेशपाल, फड़ खोखा यूनियन के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, संतोष कुमार, विकास, हरिवर राय, अरविंद आदि शामिल रहे।

# मारपीट कर युवक का जबड़ा तोड़ा

काशीपुर (उद संवाददाता)। पुष्पक विहार कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट करने और उसका जबड़ा तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में इदरीश पुत्र रफीक ने बताया कि उनका पुत्र याकूब 28 मई की दोपहर करीब तीन बजे आनंद नर्सरी के पास से पैदल जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान बैलजूड़ी निवासी बाबू उर्फ निजाम और फाईज पुत्रगण सलीम अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी उकसावे के याकूब के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध जताने पर आरोपियों ने याकूब पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसके मुंह के दांत और जबड़ा टूट गया। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल याकूब को परिजन आनन-फानन में सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे पहले हल्द्वानी और फिर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के अस्पताल में पीड़ित का उपचार चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। कटोराताल पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर बाबू उर्फ निजाम, फाईज और दो अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिन्हा सेवानिवृत्त



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को जिला अस्पताल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवाकाल को याद किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राजेश सिन्हा ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, सरल व्यवहार और समर्पण भाव के साथ कार्य किया। उन्होंने चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ आमजन की समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोकतंत्र सेनानी संघ की ओर से एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने डॉ. सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में आम जनता को भरपूर स्नेह दिया और हर संभव सहायता करने का प्रयास किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली के कारण वह आम लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश सिन्हा ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार तिवारी को चिकित्सा अधीक्षक का कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों ने डॉ. तिवारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में डॉ. राजेश सिन्हा ने विदाई समारोह में व्यक्त किए गए स्नेह और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपने सेवाकाल के दौरान उन्हें सहयोगियों, कर्मचारियों और आम जनता का भरपूर सहयोग मिला, जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। समारोह में डॉ. नूतन सिन्हा, डॉ. सुरेश अरोड़ा, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के. एन. शाही, डॉ. ललित मोहन उप्रेती, नितेश चौहान, अंशुल टंडन, डॉ. आर.के. सिन्हा, डॉ. हरीश पंत, पत्रकार राजीव चावला, जे.एन. चौधरी, डॉ. गोस्वामी, डॉ. आशीष गंगवार सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, कर्मचारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर और हैरो हड़पने का आरोप, केस दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। ग्राम पैगा निवासी एक महिला ने अपने ट्रैक्टर ड्राइवर पर वाहन और कृषि यंत्र हड़पने और वापस लौटाने की एवज में रुपयों की मांग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम पैगा निवासी रंजीत कौर पत्नी स्व. परमजीत कौर ने बताया कि उन्होंने हिमांशू नामक युवक को अपने ट्रैक्टर-ट्राली के संचालन के लिए ड्राइवर के रूप में रखा था। रंजीत कौर के अनुसार, हाल ही में ट्रैक्टर से नूरपुर में 16 ट्राली मटर की ढुलाई की गई थी, जिसके एवज में 16 हजार रुपये प्राप्त हुए थे। आरोप है कि इस धनराशि में से हिमांशू ने 9500 रुपये अपने पास रख लिए और उन्हें केवल 6500 रुपये ही दिए। महिला ने आरोप लगाया कि रुपये लेने के बाद हिमांशू उनका ट्रैक्टर और हैरो अपने साथ ले गया। जब उन्होंने अपना वाहन और कृषि उपकरण वापस मांगे, तो आरोपी ने उन्हें लौटाने के बजाय 40 हजार रुपये की मांग की। रंजीत कौर का कहना है कि रुपये न देने पर आरोपी उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुखदेव सिंह व उसकी पत्नी गुरमीत कौर, जो कि मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिसको मैं अपने होशो हवाश में अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा मेरी चल चल संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा।

दर्शन सिंह पुत्र सोहन सिंह,
निवासी-ग्राम-बरकीडांडी, नानकमत्ता,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गंगा नदी में गिरी इनोवा, तलाश में जुटीं टीमें

देवप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह थाना देवप्रयाग क्षेत्र के चकासा स्थित गंगा होटल दर्शन के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिरने के बाद गंगा नदी में समा गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन संख्या यूके 08 टीए 5433 प्रथम दृष्टया दुर्घटनाग्रस्त वाहन के रूप में चिन्हित की गई है। हालांकि वाहन में कितने लोग सवार थे और दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन



अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई की ओर चला गया। हादसा इतना भीषण था कि सड़क किनारे लगा क्रैश बैरियर भी वाहन को रोक नहीं सका। बैरियर को तोड़ते हुए कार सीधे गहरी खाई में जा गिरी और तेज बहाव वाली गंगा नदी में समा गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना देवप्रयाग पुलिस टीम और संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं राहत एवं बचाव के लिए एसडी आरएफ की श्रीनगर, ब्यासी और ढालवाला इकाइयों से तीन टीमों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। समाचार लिखने तक पुलिस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें नदी में वाहन और उसमें सवार संभावित यात्रियों की तलाश में जुटी थी। नदी के तेज बहाव के कारण बचाव अभियान चुनौती पूर्ण बना हुआ है। वाहन और उसमें सवार लोगों के संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।

# सीएम ने की चारधाम यात्रा की समीक्षा

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चारधाम यात्रा की प्रगति और व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में यात्रा से जुड़े सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्गों, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और मौसम संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



चारधाम यात्रा में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बना हुआ है। बड़ी संख्या में भक्त उत्तराखंड पहुंचकर चारों धामों के दर्शन कर रहे हैं। यात्रा कंट्रोल रूम रुद्रप्रयाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार केदारनाथ धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा, पार्किंग और आपदा प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति और अर्थव्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण यात्रा है तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने मौसम विभाग तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि मौसम में बदलाव की स्थिति में श्रद्धालुओं को समय पर सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। चारधाम यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यात्रा से जुड़े सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# वाहन से कुचलकर युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की रात्रि ग्राम जयपुर नम्बर पांच में सड़क किनारे आराम कर रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन बैक करने के दौरान कुचल दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जयनगर नम्बर 5 निवासी 24 वर्षीय रवि सिंह पुत्र स्व. चन्दन सिंह निजी वाहनों में चालक के रूप में काम करता था। बताया जाता है कि रवि सोमवार की देर सायं कालीनगर बाजार सामान लेने आया था। जब वह सामान लेकर पैदल घर वापस लौट रहा था तो मार्ग में वह शिव मंदिर के पास सड़क किनारे आराम करने के लिए रूक गया। इसी दौरान वहां खड़े एक वाहन के चालक ने जब वाहन बैक किया तो रवि उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर रवि के परिजन मौके पर आ गये और उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां उपचार के दौरान रवि ने दम तोड़ दया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। मृतक रवि तीन भाईयों में मझला था।

# वाइन शॉप में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

हल्द्वानी (संवाददाता)। शहर के व्यस्त तिकोनिया चौराहे पर स्थित एक वाइन शॉप में सोमवार देर रात भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान के साथ ऊपरी मंजिल पर बने गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार हादसे में करीब आठ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार मल्ला गोरखपुर निवासी राजेंद्र पाल की तिकोनिया चौराहे पर वाइन शॉप है। देर रात करीब दो बजे दुकान से आग की लपटें उठती देख सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की



तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगी, जिसके बाद वहां रखे भारी मात्रा में शराब के स्टॉक ने आग को और भड़का दिया। देखते ही देखते आग दुकान से होते हुए ऊपर स्थित गोदाम तक फैल गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकल कर्मियों ने करीब ढाई घंटे तक लगातार मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सुबह लगभग साढ़े चार बजे आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आसपास स्थित कई दुकानें भी इसकी चपेट में आने वाली थीं, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता और सतर्कता से बड़ा नुकसान टल गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है। अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी एम.पी. सिंह ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आग की सूचना समय रहते मिल जाती तो नुकसान को और कम किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि दम कल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आसपास की दुकानों को सुरक्षित बचा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# निजी फाइनेंस कंपनी के खिलाफ चौकी का किया घेराव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग पर स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी के संचालकों द्वारा खाताधारक के जमा लाखों रुपए वापस न लौटने और अभद्र व्यवहार किया जाने के बाद आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा की अगुवाई में तमाम लोगों ने आवास विकास चौकी में प्रदर्शन के साथ प्रभारी प्रकाश चंद्र का घेराव किया और उन्हें तहरीर सौंपकर कंपनी संचालक पर कार्रवाई कर जमा धनराशि वापस दिलवाने की मांग की।



अध्यक्ष संजय ने कहा कि तीन पानी डाम फुलसुंगा निवासी संदीप चौहान पुत्र योगेन्द्र को एक व्यक्ति सचिन ने बताया था कि वह एक वित्तीय संस्था संपूर्णना जीवन धन निधि लिमिटेड में कार्यरत है जिसका स्थानीय कार्यालय, पीएसी गेट के सामने आवास विकास रूद्रपुर में संचालित है। नंसंस्था बैंक की तरह ही काम करती है तथा उसने प्रतिदिन धनराशि जमा करने सहित अनेक लाभार्थी योजनाओं से अवगत कराया। उसने बताया प्रतिदिन धनराशि जमा करने पर बहुत अच्छा ब्याज दिया जाता है तथा जब चाहें, खाता बन्द कर धनराशि का भुगतान प्राप्त कर सकते है। इसी आश्वासन के आधार संदीप द्वारा स्वयं के नाम से 1000 रुपए प्रतिदिन व अपनी पत्नी कुमारी राज कुमारी चौहान के नाम से 1000 रुपए प्रतिदिन का खाता संचालित किया गया। उक्त खातों में कमश: वर्तमान में 2,03,000 रुपए एवं 1,85,000 रुपए जमा है। उन्होंने बताया संदीप को धनराशि की अत्यधिक आवश्कता होने पर दोनों खातों का भुगतान प्राप्त करने हेतु सम्पर्क किया तो एजेन्ट व उक्त वित्तीय संस्था द्वारा भुगतान करने से इन्कार कर दिया और उसके साथ अभद्रता की गयी और कार्यालय में प्रवेश करने पर हाथ पैर तोडने व असत्य आरोपों में फँसाने की धमकी दी गयी। उन्होंने तहरीर सौंपकर संदीप की रिपोर्ट दर्ज कर उक्त संस्था व एजेन्ट के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने एवं जमा धनराशि वापस दिलाने की मांग की। चौकी इंचार्ज ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले में छानबीन कर कार्रवाई करेंगे। इस दौरान संदीप चौहान, शिशुपाल सिंह, रोहित चौहान,संजीव चौहान, अभिजीत, पवन, जसवीर, पुष्पेंद्र, भानु यादव, सूरज, प्रकाश, मदन, पप्पू , कमलेश, राजेश, रमेश, नरेंद्र आदि मौजूद थे।

# गदरपुर जाते दंपत्ति के ऑटो से लाखों के जेवर उड़ाए

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑटो में सवार होकर रुद्रपुर से गदरपुर जाते समय नैनीताल से आये दंपत्ति के बैग से अज्ञात व्यक्ति ने लाखों रुपए कीमत के सोने के जेवरात उड़ा लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तल्ला कृष्णापुर, तल्लीताल (नैनीताल) निवासी कुंदन सिंह नयाल 9 मई को अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गदरपुर जाने के लिए रुद्रपुर आए थे। डीडी चौक से दोनों गदरपुर जाने वाले एक ऑटो में सवार हुए। ऑटो में चालक समेत चार लोग मौजूद थे, जिनमें एक महिला और उसका बच्चा भी शामिल थे। गावा चौक के पास महिला और उसका बच्चा उतर गए। कुछ देर बाद दंपति को पता चला कि पत्नी के बैग से सोने के जेवर गायब हैं। दंपति ने ऑटो चालक से वाहन वापस ले जाने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद वे पैदल गावा चौक पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। बाद में उन्होंने घटना की कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गदरपुर पालिका की करोड़ों की टेंडर प्रक्रिया निरस्त

**उत्तरांचल दर्पण की खबरों का असर: शासन की शर्तों के पालन में अनियमितताएं के साथ-साथ सही कार्यों की भी निकाली गई थीं निविदाएं**

गदरपुर/उधमसिंहनगर। गदरपुर नगर पालिका द्वारा निकाली गई करोड़ों रुपये की विकास कार्यों से संबंधित टेंडर प्रक्रिया आखिरकार निरस्त कर दी गई है। बताया जा रहा है कि निविदा प्रक्रिया में शासन द्वारा निर्धारित कई महत्वपूर्ण शर्तों का पालन नहीं किया गया था, जिसके चलते पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए थे। उत्तरांचल दर्पण ने नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार, नियमों की अनदेखी और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं को प्रमुखता से उजागर किया था, जिसके बाद यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ था। नगर पालिका द्वारा करीब 8 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों के लिए 93 निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। इन टेंडरों को लेकर शुरू से ही विवाद खड़ा हो गया था। विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि बिना पर्याप्त बजट के टेंडर जारी किए गए और शासन की


## गदरपुर पालिका में भ्रष्टाचार का एक और मामला!

जहां पहले से लगी हैं इंटरलॉकिंग टाइल्स, वहीं दोबारा निकाल दी निविदा, 8 करोड़ से अधिक के टेंडरों पर उठ रहे सवाल

वित्तीय शर्तों की अनदेखी की गई। उत्तरांचल दर्पण ने अपनी खबरों में यह भी उजागर किया था कि कुछ स्थानों पर पहले से ठीक हालत के कार्यों की भी दोबारा निविदाएं निकाल दी गई थीं। वार्ड नंबर-3 स्थित पुरातन चामुंडा मंदिर के पास पहले से मौजूद इंटरलॉकिंग टाइल्स के बावजूद वहां पुन: निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी किया जाना भी चर्चाओं का विषय बना था। वहीं कांग्रेस नेताओं द्वारा भी पत्रकार वार्ता कर नगर पालिका प्रशासन और अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी समेत अन्य नेताओं ने टेंडर प्रक्रिया में पक्षपात, वित्तीय अनियमितता और शासनादेशों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की थी। टेंडर प्रक्रिया को लेकर यह सवाल भी उठाए गए थे कि क्या शासन द्वारा अनिवार्य किए गए दस्तावेजों और पात्रता संबंधी शर्तों का पूरी तरह पालन किया गया था। साथ ही बिना पर्याप्त बजट के करोड़ों रुपये की निविदाएं जारी किए जाने पर भी सवाल खड़े हुए थे। लगातार उठ रहे सवालों, विपक्ष के आरोपों और मीडिया में सामने आए तथ्यों के बाद अब नगर पालिका द्वारा उक्त टेंडर प्रक्रिया को निरस्त करने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्षेत्र में इसे उत्तरांचल दर्पण की लगातार की गई पड़ताल और जनदबाव का परिणाम माना जा रहा है। नगर क्षेत्र में अब चर्चा इस बात की है कि यदि टेंडर प्रक्रिया में वास्तव में खामियां थीं, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## उत्तरांचल दर्पण ने उठाया था गदरपुर नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को

गदरपुर। उत्तरांचल दर्पण ने शुरू से ही इस पूरे प्रकरण को प्रमुखता से उठाया था। आम जनता और जागरूक पाठकों से मिली शिकायतों एवं उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर समाचार पत्र ने टेंडर प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं, शासन की शर्तों की अनदेखी तथा पहले से पूर्ण हो चुके कार्यों की दोबारा निविदा निकाले जाने जैसे मामलों को लगातार उजागर किया। उत्तरांचल दर्पण की खबरों के बाद नगर क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर व्यापक चर्चा शुरू हुई और आमजन ने भी पारदर्शिता तथा जवाबदेही की मांग उठाई। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर लगातार प्रकाशित खबरों, विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों और स्थानीय नागरिकों की आपत्तियों के बाद आखिरकार पालिका को पूरी टेंडर प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी। इसे आम जनता की आवाज और जागरूक नागरिकों की जीत के रूप में देखा जा रहा है।